राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल दिव्यांग बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनायेंगे

पटना, 10 अप्रैल 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन दिव्यांग बच्चों के साथ अपना जन्मदिन राजभवन में मनायेंगे। ज्ञातव्य है कि महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन का जन्म 12 अप्रैल, सन् 1935 को हुआ था। महामहिम राज्यपाल ने कहा है कि उनके जन्मदिन को दिव्यांग बच्चों के साथ इस बार मनाया जाना समुचित होगा ताकि समाज को यह प्रेरणा मिले कि दिव्यांग बच्चे किसी सहानुभूति या कृपा नहीं, बल्कि अन्य सभी बच्चों के समान ही भरपूर स्नेह, शिक्षा, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विकास के हर तरह के समुचित समान अवसरों के हकदार हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महामहिम राज्यपाल अपने जन्मदिन (12 अप्रैल, शुक्रवार) से एक दिन पूर्व यानि 11 अप्रैल, 2019 (वृहस्पतिवार) को 'आशादीप' संस्था के 100 दिव्यांग बच्चों के साथ आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे इन बच्चों के साथ 'प्रीति–भोज' के कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और उन्हें सम्बोधित भी करेंगे। इस अवसर पर बच्चे अपने सांस्कृतिक एवं कलात्मक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे।

महामहिम राज्यपाल श्री टंडन 12 अप्रैल को अपने जन्मदिन पर पूर्वाह्न में आगंतुकों से राजभवन में मिलकर उनकी शुभकामनाएँ स्वीकारेंगे। वे इसी दिन दोपहर 1.30 बजे गृह–नगर लखनऊ के लिये प्रस्थान कर जायेंगे, जहाँ अपने जन्मदिन पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भी वे भाग लेंगे।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल श्री टंडन अपने जन्मदिन को बराबर सामाजिक सरोकार से जुड़े आयोजनों के जरिये मनाते रहे है; जिसका एक खास केन्द्रीय विषय (थीम) रहता है। उन्होंने कभी अपने जन्मदिन पर 'वृक्षारोपण', तो कभी 'रक्तदान'; कभी श्मशान एवं शवदाह गृह–स्थल की सफाई, तो कभी अनियमित प्लास्टिक प्रयोग के विरूद्ध जन–जागरण; कभी गोमती नदी घाटों की सफाई तो कभी विशेष सांस्कृतिक आयोजनों के जरिये पूर्व में मनाया है। इस बार महामहिम राज्यपाल का जन्मदिन उनकी इच्छा के अनुरूप दिव्यांग बच्चों को सप्रेम आमंत्रित करते हुए राजभवन में मनाया जा रहा है।

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन के जन्म दिवस (12 अप्रैल) के उपलक्ष्य में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम 11 अप्रैल के अपराह्न 1.00 बजे से ही शुरू हो जाएँगे, जब राज्यपाल दिव्यांग बच्चों के साथ आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। 12 अप्रैल, 2019 को वे एक बजे अपराह्न तक राजभवन, पटना में अभ्यागतों से मिलकर उनकी शुभकामनाएँ प्राप्त करेंगे। फिर बाद में उसी दिन अपने जन्मदिन पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने राज्यपाल पटना से प्रस्थान कर जायेंगे।

....